भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं.4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029.

**फाइल सं. मेडटेक/मित्र/2023/एमडीएमएस(पीटी-III)** **दिनाँक**: 02.07.2024

परिषद का अपनी अल्पकालिक अनुसंधान परियोजनाओं के लिए, पूर्णतः अस्थायी और अनुबंध के आधार पर है, निम्नलिखित गैर-संस्थागत वैज्ञानिक परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्ति करने का प्रयोजन है, जो मेडटेक मित्र के अंतर्गत आईसीएमआर मुख्यालय के विकास अनुसंधान प्रभाग के चिकित्सा उपकरण एवं निदान मिशन सचिवालय द्वारा किए जा रहे हैं।
अनिवार्य अर्हकता एवं अन्य विवरण निम्नलिखित हैं।

| क्र. सं. | परियोजना मानव संसाधन | पदों की संख्या | अनिवार्य अर्हकता | वांछनीय कौशल/अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शक (वैज्ञानिक) (गैर-चिकित्सा) | एक (1) | अनुसंधान एवं विकास में अनुभव और प्रकाशित शोध पेपरों सहित प्रासंगिक विषय में एम.एससी./बी.टेक./एम.टेक./ एम.बी.ए. योग्यताधारी। | • जीवन विज्ञान में पीएच.डी. और नैदानिक परीक्षणों, चिकित्सा उपकरणों, चिकित्सा निदान में काम करने का अनुभव।<br>• स्टेडी प्रोटोकॉल, सीआरएफ, सहमति प्रपत्र, पांडुलिपि लेखन का अनुभव | 70 वर्ष |

समेकित परिलब्धियां: अनुभव और ज्ञान के आधार पर अधिकतम रु. 1,00,000/-(प्रति माह)

योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन पत्र, सभी आवश्यक सहायक दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों के साथ, स्व- सत्यापित करके, ईमेल: medtechmitra@gmail.com पर आवेदन निर्धारित तिथि और समय से पूर्व अर्थात दिनांक **23**.07.2024 को 17:00 बजे तक या उससे पहले भेज सकते हैं। विलम्बित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा बिना किसी पत्राचार के उन्हें तत्काल खारिज कर दिया जाएगा। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय से पहले अपना आवेदन जमा कर दें। यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश समय पर अपना आवेदन प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसके लिए आईसीएमआर जिम्मेदार नहीं होगा। निर्धारित तिथि और समय के भीतर प्राप्त और सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों की जांच आईसीएमआर की स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी, ताकि उपरोक्त वैज्ञानिक परियोजना मानव संसाधन को शामिल करने की आगे की प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया जा सके। सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी

मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु और अनुभव आदि के सभी मामलों में आवश्यक पात्रता मानदंडों की पूर्ति के अधीन होगी।

**सामान्य नियम और शर्तें: -**

1. पदों की संख्या घटाई-बढ़ाई जा सकती है।
2. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। चूंकि, हम विज्ञापित सभी परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया को किसी भी समय वापस लिया/ रद्द/ संशोधित किया जा सकता है।
4. इस विज्ञापन में दर्शाई गई पारिश्रमिक/वजीफा की दरें परियोजना-विशिष्ट हैं तथा परियोजना की वित्तपोषित एजेंसी की स्वीकृति के अनुसार भिन्न-भि न्न हो सकती हैं।
5. आयु सीमा की कट-ऑफ तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।
6. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
7. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी उम्मीदवारों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
8. सफल उम्मीदवारों को परियोजना का आवंटन सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक से तय करेगे।
9. प्रतिष्ठित संस्थान से प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में योग्यता और अनुभव होना चाहिए। **न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव मान्य होगा।**
10. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
11. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के तहत पहले से नियमित समय-मान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
12. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
13. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य मानी जाएगी।
15. समय की कमी के कारण परियोजना मानव संसाधन को पीएचडी के लिए पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः स्टेडी के स्थान पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालाँकि, उन्हें शोध कार्य के हित में किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
17. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक

से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या फंडिंग एजेंसी या आईसीएमआर की सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं होगा। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ परियोजना मानव संसाधन के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

18. परियोजना मानव संसाधन को सामान्यतः एक वर्ष की अवधि के लिए या परियोजना अवधि तक नियुक्त किया जाएगा, तथा परियोजना की अवधि, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन और उनके प्रदर्शन के आधार पर वार्षिक समीक्षा के पश्चात उन्हें आगे भी नियुक्त किया जाएगा। किसी भी परियोजना मानव संसाधन का किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के अधिकतम कार्यकाल केवल पाँच वर्ष होगा। संबंधित परियोजना अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी परियोजना मानव संसाधन को किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पाँच वर्ष से अधिक समय तक जारी रखने/विस्तार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।

19. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, अनुबंध की सहमत अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. छुट्टी परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
21. उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, एक अद्यतन पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ, विस्तृत बायो-डेटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेज, जो **स्व-सत्यापित** हों, के साथ अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और मार्कशीट], कार्य अनुभव, आयु, जाति और **फोटो पहचान-पत्र** [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
22. आईसीएमआर अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
23. महानिदेशक, आईसीएमआर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
24. किसी भी रूप में बाहरी दबाब डालना अयोग्यता मानी जाएगी।
25. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/आगे की जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। चूंकि, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखते रहें।

प्रशासन अधिकारी
विकास अनुसंधान प्रभाग

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**Indian Council of Medical Research**

## पूर्णतः अस्थाई आधार पर परियोजना मानव संसाधन के पद की भर्ती के लिए आवेदन

Application for engagement of Project Human Resource, purely on temporary contract basis

हाल ही का छायाचित्र/ Latest photograph

1. परियोजना मानव संसाधन पद के आवेदित पद का नाम/Name of the Project Human Resource Position, applied for : ______________________________ ______________________________

2. विज्ञापन संख्या/Advertisement No. : ______________________________

3. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में)/Name in full (IN BLOCK LETTERS) : ______________________________
[उपनाम][SURNAME] [नाम][NAME]
[पिता/पति][FATHER/HUSBAND]

4. मां का नाम/Mother's Name : ______________________________
______________________________
पिता का नाम/Father's Name ______________________________
पति का नाम/Husband's Name

5. पत्राचार का पता/Address for Correspondence : ______________________________
______________________________
______________________________
______________________________
संपर्क नम्बर/Contact No.______________________________
ईमेल आईडी/Email id:
______________________________

6. स्थायी पता/Permanent Address : ______________________________
______________________________
______________________________
______________________________

7. जन्म तिथि/(दिन/माह/वर्ष)/(समर्थन के लिए प्रमाण-पत्र होना चाहिए)/Date of Birth [dd/mm/yyyy] (Certificate must be supported) : ______________________ उम्र/Age : ______________

8. क्या आप एससी/एसटी/ओबीसी/सामान्य श्रेणी से है/Whether SC/ST/OBC/General : ____________________ जाति/Caste: ______________

9. वैवाहिक स्थिति/Marital Status : विवाहित/अविवाहित/तलाकशुदा/विधुर/विधवा
Married / Unmarried / divorcee / widower / widow

10. शैक्षिक अर्हकताएं/Educational Qualifications : (योग्यता के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिए)/ (Certificates in proof of qualifications must be supported).

| क्र. सं. S.N. | उत्तीर्ण परीक्षा/EXAM. PASSED | श्रेणी/GRADE | उत्तीर्ण होने का वर्ष/YEAR OF PASSING | बोर्ड/विश्वविद्यालय/ BOARD / UNIVERSITY | विशेषज्ञता/ SPECIALIZATION |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**11. कार्य-अनुभव (अनुभव के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिए)/**
**Work Experience (Certificates in proof of experience must be supported):**

| नियोक्ता का नाम/Name of Employer | पद/Post | तारीख से/From date | तक तारीख/To date | छोड़ने का कारण/ Reason for leaving |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में)/
Total Experience gained after acquiring the minimum essential qualification (in years): __________

12. नेट/गेट/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।
Details of NET/GATE/National level exams passed, if any.

| उत्तीर्ण परीक्षा/Exam passed | उत्तीर्ण होने की तिथि/Date of passing | वैध्य तिथि/Valid till |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

13. यदि आपका चयन हो जाता है तो आपको कार्यभार ग्रहण करने के लिए कितनी अवधि की आवश्यकता होगी:
If selected what period would you require to join: ______________________

**टिप्पणी:** अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, तो अलग पेपर या इस पृष्ठ के अगले पृष्ठ पर दी जा सकती है।
Note: Additional information, if any can be provided on a separate paper or on overleaf of this page.

घोषणा: मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा इस फॉर्म में दिया गया विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं। गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और उम्मीदवारी रद्द होने की संभावना है/Declaration: I hereby declare that the particulars furnished in this form by me are true to the best of my knowledge and belief. Furnishing of false information or suppression of facts will be disqualification and is likely to render the candidate unfit.

दिनांक/Date: _____________ हस्ताक्षर/Signature: ___________________________

स्थान/Place: _____________ उम्मीदवार का नाम/
Name of the candidate: ____________________